हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 5 जनवरी 2026

06 कुलपति ने उदयेश्वर महादेव मंदिर का बारीकी...



07 गुना की साईं क्लब ने जमाया विजेता ट्रॉफी पर कब्जा...





## खबर संक्षेप

### नर्सरी से कक्षा 5 तक दो दिन अवकाश घोषित

**विदिशा।** शीतलहर एवं तापमान में आई गिरावट को देखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में संचालित शासकीय, अशासकीय सहित सीबीएसई विद्यालयों में दो दिन के लिए अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिला शिक्षाधिकारी एसपी जाटव के द्वारा जारी आदेश में कक्षा नर्सरी से 5वीं तक के छात्र छात्राओं का 5 और 6 जनवरी कोअवकाश घोषित किया है। गतिविधियां और परीक्षा पूर्ववत संचालित रहेंगी।

### द्वारिका बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**विदिशा।** संघ शताब्दी के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर द्वारका बस्ती में विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर अभिनंदन गार्डन में भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। यह आयोजन राष्ट्र, संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सम्मेलन प्रभारी पंकज अहिरवार ने बताया कि यह आयोजन समाज को एक सूत्र में जोड़ने, युवाओं में राष्ट्रभक्ति का संचार करने और सनातन परंपराओं को और सशक्त बनाने का कार्य करेगा। भूमिपूजन में अशोक श्रीवास्तव, सुनील साहू, इमरत सिंह दांगी, नेतराम किरार, सुनील विश्वकर्मा, रामबाबू विश्वकर्मा और नीरज धाकड़ सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। यह जानकारी सुनील साहू द्वारा दी गई।

### कनारा लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**विदिशा।** कनारा लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज छोटे शहरों और कस्बों से भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी निकलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ का उल्लेख करते हुए युवाओं को नियमित अभ्यास, अनुशासन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पटेल ने कहा कि लगातार 56 वर्षों से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का सफल आयोजन होना आयोजकों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। कार्यक्रम में विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने जिले में खेलों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और अंतरराष्ट्रीय मानकों के क्रिकेट स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया जारी होने की बात कही।

### गणतंत्र दिवस की तैयारी की बैठक आज होगी

**विदिशा।** 26 जनवरी के पर्व पर जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों संबंधी बैठक कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में लंबित आवेदनो की समीक्षा बैठक के उपरांत शुरू होगी। उक्त बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को समुचित जानकारियां सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### नगर पेयजल गुणवत्ता को जांचने अभियान शुरू

**विदिशा।** नगरपालिका विदिशा द्वारा शहरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेयजल गुणवत्ता की रैंडम सैंपलिंग अभियान संचालित किया गया। नगरपालिका विदिशा के सीएमओ दुर्गेश कुमार ठाकुर ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में प्रदाय किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। अभियान के दौरान अमृत मित्रों के माध्यम से वार्ड क्रमांक 18, 29 एवं 34 के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर पेयजल के नमूने एकत्र किए गए। एकत्रित नमूनों की जांच मौके पर ही निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप की गई।

### विरोध प्रदर्शन: कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग की

# दूषित पानी से हुई मौतों के लिए जिम्मेदारों पर गैर इरादतन हत्या का केस हो: कांग्रेस

## इंदौर में हुई मौतों के विरोध में कांग्रेस ने घंटा बजा कर विधायकों के निवास पर किया प्रदर्शन

**प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंदौर में दूषित पानी से 15 लोगों की मौत और 200 से अधिक लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने के मामले को लेकर रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद चौराह पर एकत्रित होकर हाथों में घंटा बजाते हुए सरकार विरोधी नारे लगाए।

कांग्रेसी कार्यकर्ता विधायक मुकेश टंडन के निवास पर पहुंचे। कांग्रेसियों ने नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे और मौतों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व इंदौर महापौर पर गैर -इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया की सत्ता का अहंकार मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सिर चढ़कर बोल रहा है और मुख्यमंत्री जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने की बजाय कुंभकर्णी निद्रा में सोए हुए है। प्रदेश कांग्रेस सचिव आनंदप्रताप सिंह ने आरोप लगाया की इंदौर में प्रदूषित पानी से मौत ने पूरे प्रदेश को हिला दिया, लेकिन विदिशा प्रशासन अब भी आंखें मूंदे बैठा है। पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर ने कहा कि इंदौर में लोगों की मौतें हो रही हैं और कैलाश विजयवर्गीय जैसे मंत्री अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि साहू ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की जीवनदायिनी कही जाने वाली बेतवा नदी आज ज़हर बन चुकी है। पूरे नगर का मलमूत्र और मेडिकल कॉलेज का जहरीला गंदा पानी बेतवा में मिल रहा है। विदिशा के लोग वही प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका किरार ने आरोप लगाया की क्या विदिशा शहर भी इंदौर जैसे हादसे की दहलीज़ पर खड़ा है। क्या यहां के चुने हुए नेता और प्रशासन किसी बड़ी त्रासदी का इंतज़ार कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज जैन, करतार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी नरेंद्र शर्मा, सुशील शर्मा एडवोकेट, विनीत दांगी, वैभव भारद्वाज, अर्पित उपाध्याय, जितेंद्र तिवारी, उमराव सिंह कुशवाह, आशीष महेश्वरी, गोविन्द सिंह राजपूत, रमेश तिवारी, शरद शर्मा, सुमित वैद्य, राजू अवस्थी, गोविंद भार्गव, अवदेश दुबे बड़े भैया, प्रदीप सिंह चंदेल, नवनीत कुशवाह, राजकुमार पासी, सुनील दांगी, प्रसंग जैन, देशराज रघुवंशी, संतोष कुशवाह, राजकुमार कुशवाह, अशरफ खान, बंटी सक्सेना, मुबीन शीशगर, पर्वत गौड़, बबलू पाल, विकाश किरार आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल हुए।



विदिशा। घंटी बजाते हुए विधायक मुकेश टंडन के निवास पर पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया।

# 10 किलो चांदी, 10 ग्राम सोना और 35 हजार नकद ले उड़े चोर



विदिशा। चोरी के बाद दुकान पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफाटक रोड पर स्थित अरिहंत ज्वेलर्स पर शनिवार रात हथियारबंद बदमाशों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

बदमाशों ने महज 7 मिनट में लाखों रुपए का माल समेट लिया और फरार हो गए। घटना के समय दुकान के बाहर एक गार्ड तैनात था। 8 से 10 बदमाश रेलवे लाइन की ओर से गली के रास्ते आए। उन्होंने सबसे पहले गुलेल से पत्थर मारकर गार्ड पर हमला किया, फिर हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई, डरकर गार्ड मौके से भाग गया।

### गश्त बढ़ाने की मांग

व्यस्त खरीफाटक मेन रोड पर हुई इस चोरी से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि अगर रात में नियमित पुलिस गश्त होती तो बदमाश इतनी आसानी से चोरी नहीं कर पाते।

### शटर तोड़कर दुकान में घुसे 10 बदमाश

गार्ड के हटते ही बदमाशों ने दुकान का शटर तोड़ दिया और अंदर घुस गए। दुकानदार के अनुसार बदमाश दुकान से करीब 10 किलो चांदी, लगभग 10 ग्राम पुराना सोना और 35 हजार रुपये नकद लेकर भाग गए। सभी बदमाश हथियारों से लैस थे और पूरी वारदात पहले से योजना बनाकर की गई। चोरी की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। घायल गार्ड से पूछताछ की गई है। बदमाशों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

व्यापारियों ने पुलिस से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला गंभीर है और हर पहलू से जांच की जा रही है।

## हाड़ कंपा देने वाली सर्दी ने दिनभर ठिठुराया



विदिशा। घना कोहरा, सर्दी का प्रकोप बढ़ गया है। रविवार सुबह से शहर और आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाया रहा। जिससे दृश्यता घट गई और यातायात प्रभावित हुआ। लगातार ओस गिरने से ठिठुरन बढ़ी। ठंड से बचाव के लिए लोग टोपी, मफलर व गर्म कपड़ों में नजर आए। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और कोहरा बने रहने की संभावना जताते हुए सतर्क रहने की सलाह दी।

# युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर बाइक से आए 10 बदमाशों ने युवक को मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में शनिवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपियों ने नंदू उर्फ शुभम चौबे (22) को चाकू से गोद डाला। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई।

वारदात के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शुभम को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नंदू चौबे करैयाखेड़ा रोड निवासी चुन्नी और उसके साथियों को एक युवती से छेड़छाड़ करने से रोका था। मामला थाने तक नहीं पहुंचा था। शनिवार रात करीब 8 बजे चुन्नी अपने साथियों के साथ बाइक से इंद्रप्रस्थ कॉलोनी पहुंचा और शुभम को बाहर बुलाया और वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। इस दौरान आसपास के कुछ लोग भी वहां मौजूद थे लेकिन किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की। गंभीर रूप से घायल शुभम को मोहल्ले के लोग फौरन अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



विदिशा। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन।

### वीडियो में मारपीट करते दिख रहे आरोपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कराई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें आरोपी अपने साथियों के साथ नंदू के साथ मारपीट करते दिख रहे हैं। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने बताया कि चाकूबाजी की सूचना पर पुलिस फौरन अस्पताल पहुंची। तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है। सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के कार्यों की गहन समीक्षा की, समय पर कार्य निष्पादन के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने रविवार को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित आरओ बैठक में जिले के राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने तहसील एवं खंड स्तर पर संपादित हो रहे राजस्व कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सूचना तंत्र को मजबूत करने और जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

कलेक्टर गुप्ता ने शासकीय स्कूलों में न्यूट्रिशन गार्डन स्थापित करने, ग्राम सभाओं के नियमित निरीक्षण, सहरिया समुदाय सहित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट पर संकेतक बोर्ड लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने को कहा। उन्होंने मदिरा दुकानों के आसपास स्वच्छता, कच्ची शराब पर रोक, अस्पतालों में मरीजों को सभी सुविधाएं, 108 एंबुलेंस की समयबद्ध उपलब्धता, पेयजल की नियमित टेस्टिंग तथा अवैध उत्खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया, संयुक्त कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### देवखजूरी में चल रही रामलीला का समापन

**देवखजूरी।** ग्राम देवखजूरी में बीते 15 दिनों से चल रही रामलीला का रविवार को रावण वध के साथ समापन हो गया। राम, लक्ष्मण और हनुमान की लीलाओं ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। ग्राम देवखजूरी में पिछले 51 वर्षों से लगातार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जो गांव की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा की पहचान बन चुका है। रावण वध के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### एनसीसी पीएम साइकिल रैली ने दिया एकता का संदेश

# पुणे से दिल्ली तक 1680 किमी की एनसीसी कैडेट्स की साइकिल यात्रा का विदिशा में किया स्वागत



विदिशा। एनसीसी कैडेट्स साईकिल रैली लेकर पुणे से विदिशा पहुंचे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एनसीसी पीएम रैली 2026 के अंतर्गत आयोजित "शौर्य के कदम, क्रांति की ओर" नामक एनसीसी साइकिल अभियान शनिवार को विदिशा पहुंचा। यह राष्ट्रीय स्तर का अभियान पुणे से नई दिल्ली तक ऐतिहासिक मार्ग से होते हुए संचालित किया जा रहा है, जिस पर वर्ष 1736 में मराठा पेशवा बाजीराव ने दिल्ली की ओर प्रस्थान किया था। अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभर में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को सशक्त करना है। रैली में एनसीसी अमरावती के 12 कैडेट्स शामिल हैं, जिनका नेतृत्व ब्रिगेडियर सचिन गवली ग्रुप कमांडर अमरावती कर रहे हैं। 24 दिसंबर 2025 को पुणे के वाड़ा से प्रारंभ हुआ और 4 जनवरी 2026 को विदिशा पहुंचा, जबकि 16 जनवरी 2026 को दिल्ली पहुंचने का लक्ष्य है। अब तक 11 दिनों में लगभग 900 किलोमीटर की दूरी पूरी की जा चुकी है। विदिशा में साइकिल रैली का भव्य स्वागत 14 एमपी बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता (शौर्य चक्र) के निर्देशानुसार किया गया। एसपी रोहित केसवानी (आईपीएस) एवं लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य ने ब्रिगेडियर सचिन गवली को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। गवर्नमेंट गर्ल्स पीजी कॉलेज एवं संट मैरी पीजी कॉलेज की एनसीसी कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर रैली का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर समस्त पीआई स्टाफ एवं एनसीसी कैडेट्स ने अभियान दल का अभिनंदन किया।

### पूर्व कलेक्टर ने विजयमंदिर पर आयोजित व्याख्यान में दिया वक्तव्य

# निर्भीकता से विजयमंदिर का हो पुनर्निर्माण: सुरेश जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ऐतिहासिक एवं प्राचीन धरोहर विजय मंदिर का फिर से निर्माण होना चाहिए। शहरवासियों को अपनी मजबूत इच्छाशक्ति दिखानी होगी। निर्भीक होकर मंदिर के पुनर्निर्माण की मांग को उठाना चाहिए और जब तक मंदिर अपने मूल स्वरूप में न बन जाए तब तक डटे रहें।

यह बात विदिशा के पूर्व कलेक्टर रहे सुरेश जैन ने विजयमंदिर पर आयोजित व्याख्यान सभा में कही। उन्होने अपने संबोधन में विजयमंदिर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दिल्ली में बनाए गए संसद भवन और अयोध्या के श्रीराम मंदिर का डिजाइन विदिशा के विजयमंदिर के स्थापत्य से लिया है। वर्ष 1991-92 में विदिशा में पदस्थ रहे तत्कालीन कलेक्टर सुरेश जैन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र लिखकर विजय मंदिर का उत्खनन कराया था। तभी प्रमाणिक रूप से यह सच सामने आ सका था कि यह असल में हिन्दुओं की चर्चिका देवी (विजयादेवी) का मंदिर है। इसे सूर्य मंदिर भी कहा जाता था। उत्खनन से प्राप्त बड़ी संख्या में हिन्दू देवी देवताओं की प्रतिमाओं ने इसे मंदिर साबित किया। श्री जैन ने कहा कि वे विजय मंदिर पर एक डाक्यूमेंट्री भी तैयार करेंगे। जन चेतना मंच के बैनर तले जालोरी गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, राजेश दीक्षित, गोविंद देवलिया, गोविंद सक्सेना मंचासीन एवं अतुल शाह, ज्योति शाह, सचिन तिवारी, नितिन माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे रहे। मंच का संचालन मनमोहन शर्मा और अतुल तिवारी ने किया।



विदिशा। व्याख्यान सुनने के लिए पहुंचे शहर के गणमान्य नागरिक।


### मूल स्वरूप में लाया जाए विजय मंदिर: राघवजी



पूर्व वित्तमंत्री राघवजी ने व्याख्यान सभा को संबोधित करते हुए बताया कि विजयमंदिर को मुक्त कराने के लिए हिन्दू महासभा के समय से आंदोलन शुरु हुआ था। पूर्व सांसद स्वर्गीय निरंजन वर्मा के द्वारा किये गये आंदोलनों की चर्चा भी की। राघवजी ने बताया कि उन्होने सांसद रहते हुए सदन में यह मुद्दा भी उठाया। एक जबाव में उन्हे बताया गया कि विजय मंदिर से 2 हजार से अधिक प्रतिमाएं प्राप्त हुई हैं। उन्होने वक्तव्य में विजयमंदिर को मूल स्वरूप में लाने की मांग रखी। मंच पर शहर के जाने माने कवि उदय ढोली का सम्मान किया गया।

## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण कथा 16 जनवरी से



**गंजबासौदा।** नगर में सरस सात दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का आयोजन 16 से 22 जनवरी किया जा रहा है। कलश यात्रा 16 जनवरी को दोपहर 12 बजे शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर सावरकर चौक प्राचीन हनुमान धनुषधारी मंदिर प्रांगण कथा स्थल पहुंचेगी। जहां उसका समापन होगा। कथा का वाचन नगर के कथा वाचक आचार्य पं विकास आनंद ऐलिया के द्वारा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। शिव महापुराण कथा के यजमान ऋचा मनीष भावसार होंगे। सभी धर्म प्रेमी भक्तों से परिवारजन सहित अधिक से अधिक संख्या में कथा में आकर धर्मलाभ लेने की अपील की गई है।

### ई रिक्शा पलटने से युवक की मौत

**गंजबासौदा।** विगत दिनों जन्मदिन की पार्टी के बाद घर लौट रहे 18 वर्षीय युवक की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई। हादसा तिरंगा चौक और सिरोंज चौराहा के बीच हुआ। मृतक राजकुमार अहिरवार रजौदा का रहने वाला था। वह दोस्तों गोलू, अजय और मनीष के साथ तिरंगा चौक पर जन्मदिन मनाकर ई-रिक्शा से लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, राजकुमार मस्ती में तेज रफ्तार से ई-रिक्शा चला रहा था। गार्डन के सामने वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में राजकुमार के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे शासकीय जन चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया, प्रारंभिक जांच में नशे की पुष्टि नहीं हुई है। हादसा तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण हुआ। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। युवक की असमय मौत से परिवार में मातम पसरा है।।

### विद्युत प्रदाय रहा घंटों ठप

**गंजबासौदा।** ग्राम मुरादपुर के पास हाईटेंशन लाइन के तार टूट जाने से रविवार को ग्राम स्यारी, डाबर, ककरावदा, नेगमा पिपरिया सहित दर्जनों गांवों में विद्युत प्रदाय ठप रहा। जिससे न तो सिंगल फेस विद्युत मिली और न ही सिंचाई के लिए थ्री फेस लाइट आई। देर शाम विद्युत प्रदाय बहाल हो सका।

# संतों और विधायक ने किया बाबा साहब की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित अंबेडकर चौराहे पर रविवार दोपहर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस कार्यक्रम के लिए चौराहे पर रोटरी तैयार कर नई आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई थी। चौराहे पर पहले बाबा साहेब की एक छोटी प्रतिमा लगी हुई थी। समाज के सदस्यों ने यहां आदमकद प्रतिमा लगाने का निर्णय लिया था,



जिसके बाद नई प्रतिमा मंगवाई गई। अनावरण के मौके पर चौराहे को फूलों से सजाया गया था। अनावरण कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में परम पूज्य भंते शाक्यपुत्र सागर थैरो अध्यक्ष दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ भोपाल, संत राजाराम मस्ताना सत संघ सर्वे पंथ निस्तारा गुरूद्वारा गंजबासौदा, क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी और समाज के प्रतिनिधियों ने पर्दा हटाकर प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मौजूद लोगों ने पुष्पवर्षा की। अनावरण के बाद आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन के बारे में जानकारी दी और कहा कि उनकी यह आदमकद प्रतिमा सभी के लिए प्रेरणादायक रहेगी। इस अवसर पर अनेक गणमान्य नागरिक और बडी संख्या में समाज जन एवं बाबा साहब के अनुयायी मौजूद रहे।

# सीसी टीवी कैमरे किए जा रहे ठीक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। यह पहल नगर पालिका और पुलिस प्रशासन के संयुक्त सहयोग से की जा रही है, जिसका उद्देश्य शहर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

शहर के मुख्य जयस्तंभ चौराहे पर लगे चार कैमरों की मरम्मत शनिवार को की गई। ये कैमरे नगर के चार प्रमुख मार्गों पर केंद्रित हैं। इसके अतिरिक्त, बरेठ रोड पर 2, त्योंदा रोड पर 4 और नेहरू चौक पर 4 कैमरे भी सुधारे जा रहे हैं। स्टेशन क्षेत्र में लगे चार कैमरे निर्माण कार्य के चलते हटा दिए गए थे। अब निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और जल्द ही इस क्षेत्र में भी चार नए कैमरे लगाकर उन्हें चालू किया जाएगा। शहर थाना निरीक्षक संजय बेदिया ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था में सीसीटीवी कैमरे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर शहर के मुख्य मार्गों पर कैमरे सुचारू रूप से काम करेंगे, तो शहर की सुरक्षा व्यवस्था और भी पुख्ता हो सकेगी। इन सभी सीसीटीवी कैमरों का कंट्रोल रूम जय स्तंभ चौराहे के पास स्थित यातायात चौकी पर बनाया गया है।


## महादेव मंदिर, किला, कुआं, बावड़ी, नटराज की प्रतिमा को देखा

# कुलपति ने उदयेश्वर महादेव मंदिर का बारीकी से अध्ययन किया

**कुलपति डॉ. यगेश्वर एस शास्त्री, साहित्यकार महेंद्र बावलकर, न्यूयार्क के योगेश्वर शास्त्री पहुंचे नीलकंठेश्वर महादेव के दर्शन करने**



गंजबासौदा। उदयेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग



गंजबासौदा। महादेव मंदिर का अध्ययन करते अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्यन विश्व विद्यालय के कुलपति आचार्य प्रो. डाक्टर यगेश्वर एस शास्त्री एवं साहित्यकार महेंद्र बावलकर के साथ न्यूयार्क से पधारे योगेश्वर शास्त्री द्वारा उदयेश्वर महादेव मंदिर उदयपुर की हेरिटेज वॉक की गई। जिन्होंने उदयेशवर मंदिर का बारीकी से अध्ययन किया, उसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में बनी अद्भुत कला को निहारा। उदयेश्वर महादेव मंदिर की कलाकृति को देखकर और उसके सुरक्षित खड़े होने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंदिर अपने पूर्ण रूप 1050 की स्थिति से आज तक विद्यमान है इस क्षेत्र को एवं इस गांव को अध्ययन की दृष्टि से पुरातत्व विभाग को यहां एक शोध केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता है। जिससे युवा पीढ़ी यहां रहकर शोध के कार्य को भली भांति कर अपनी प्राचीन सभ्यता से रूबरू हो सकती है। उन्होंने कहा की यहां का किला भी अद्भुत है जो बहुत विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है, इसको सहेजकर आसपास एवं मंदिर में रखी प्राचीन सभ्यता की मूर्तियों को स्थापित कर एक संग्रहालय के रूप में विकसित किया जा सकता है। उन्होंने रावण टोल की नटराज प्रतिमा जो कि विश्व की सबसे विशालतम प्रतिमा है, उसकी भी सराहना की। साथ ही कहा कि नटराज की मूर्ति तक एप्रोच रोड का होना बहुत आवश्यक है। 52 कुएँ 56 बावड़ी ढ़ाई तालाब, डेढ़ नदी के इस गांव की सराहना करते हुए कहा कि यहां पर जो भी बावड़िया स्थापित हैं उनको संरक्षित किया जाए। जिससे लोगों तक पहुंच बन सके, कुछ पुराने मकान खंडहर का रूप लिए हुए हैं, जो कि पत्थर के बने हुए हैं उनको भी संरक्षित किया जाए। जिससे आने वाले साहित्यकार व इतिहासकार रूबरू हो सकें कि हमारे पूर्वजों द्वारा जिस कला की इस ग्राम उदयपुर में स्थापना की गई है वह अद्भुत है। यह अध्ययन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इस दौरान आंगतुकों ने भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान समाजसेवी प्रवीण शर्मा सहित अनेक नागरिक मौजूद रहे।

### क्रांतिकारी विष्णु गणेश पिंगले की जयंती मनाई

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय पाठक के तत्वावधान में क्रांतिकारी विष्णु गणेश पिंगले की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विष्णु गणेश पिंगले का जन्म 2 जनवरी 1888 को महाराष्ट्र के पुणे में हुआ था। वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के एक क्रांतिकारी थे और गदर पार्टी के सदस्य थे। उन्होंने वाशिंगटन विश्वविद्यालय से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और फिर क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व करने के लिए भारत लौट आए। पिंगले ने रास बिहारी बोस और सचिन सान्याल जैसे नेताओं के साथ मिलकर गदर विद्रोह का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र विद्रोह को जन्म देना था मेरठ में विस्फोटकों के साथ गिरफ्तार होने के बाद उन्हें करतार सिंह सराभा के साथ लाहौर की केंद्रीय जेल में फांसी दे दी गई। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कैलाश नेमा, मोहन सैनी ,बबलू राय, विजय यादव सहित अनेक पा ठ क ग ण उपस्थित थे।



## 28 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, यज्ञ की पूर्णाहुति व संत भंडारा

# अयोध्या के बाद अब चित्रकूट में गूंजेगा भरत चरित्र



**गंजबासौदा।** आस्था, त्याग और भक्ति की त्रिवेणी के रूप में भरत चरित्र कथा गंजबासौदा से चित्रकूट की धरती पर रामभक्ति का नया अध्याय रचने जा रही है। भगवान श्रीराम की मर्यादा और भरत की अनुपम भक्ति को केंद्र में रखकर चित्रकूट धाम में नौ दिवसीय 'भरत चरित्र' रामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 19 फरवरी से होगा, जो 27 फरवरी तक चलेगी, जबकि 28 फरवरी को यज्ञ, प्राण-प्रतिष्ठा की पूर्णाहुति, संतों का भंडारा एवं विदाई समारोह आयोजित किया जाएगा। यह दिव्य आयोजन सनकादिक आश्रम, द्वितीय मुखारविंद, चित्रकूट धाम में संपन्न होगा। नौलखी के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज के मुख से भरत चरित्र की कथा का रसपान श्रद्धालु करेंगे। मालूम हो कि अयोध्या में रामकथा के पश्चात अब चित्रकूट की पुण्यभूमि पर भरत की त्यागमयी कथा का संकल्प लिया गया है। स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में कथा की तैयारियों के संबंध में आयोजित हुई बैठक में, 60 से अधिक कथा प्रेमियों ने पंजीयन करते हुए अपना उत्साह दिखाया है। कथा को लेकर नौलखी में आयोजित पहली बैठक में भारी उत्साह देखने को मिला। बैठक में कथा प्रेमियों ने एकजुटता दिखाते हुए 60 से अधिक श्रद्धालुओं ने चित्रकूट धाम के लिए अपना पंजीयन कराया है। बैठक के दौरान आयोजन को लेकर भक्तों में गहरी आस्था और उत्साह देखने मिला है। आयोजन समिति के नागेंद्र उपाध्याय ने बताया कि चित्रकूट में कथा के साथ साथ पंचकुंडीय प्राण प्रतिष्ठा सीताराम यज्ञ होने जा रहा है। कथा एवं यज्ञ के लिए निर्धारित राशि में भोजन-आवास व संत भंडारे की व्यवस्था कथा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित सहयोग राशि रखी गई है। इस राशि में कथा अवधि के दौरान भोजन व्यवस्था, आवास व्यवस्था, संतों का भंडारा एवं विदाई शामिल रहेगी। श्रद्धालुओं को एक आवास में चार व्यक्तियों के लिए स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सर्व-सुविधायुक्त कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे। आवास एवं पूजन की संपूर्ण व्यवस्था समिति द्वारा की जाएगी।चित्रकूट धाम आने-जाने का रिजर्वेशन श्रद्धालुओं को स्वयं कराना होगा। आयोजन एवं पंजीयन की जानकारी के लिए त्योंदा रोड स्थित विजय साइकिल स्टोर्स, विकास मिश्रा, रघुवीर सिंह रघुवंशी कालापाठा एवं नौलखी मंदिर से संपर्क कर जिम्मेदार व्यवस्थापक से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# मिक्स्ड जेंडर जिला स्तरीय लीग मैचों में उत्साह चरम पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



गंजबासौदा। क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ करती मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष

समावेशी कप 2026 के अंतर्गत नगर में जिला-स्तरीय लीग मैच पूरे उत्साह, ऊर्जा और खेल भावना के साथ शुरू हो गया है। इन मुकाबलों में जिले की 10 मिक्स्ड-जेंडर टीमों के 130 खिलाड़ी सहभागिता कर रहे हैं। मैदान पर हर रन, हर विकेट और हर कैच ने यह संदेश दिया कि जब अवसर समान हों, तो नेतृत्व, आत्मविश्वास और प्रतिभा हर युवा में उभरकर सामने आती है। हक है सम्मान सभी का है मैदान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव , विशेष अतिथि के रूप में पार्षद अंशलेखा भावसार, पूर्व नपाध्यक्ष मधुलिका रज्जन अग्रवाल, राजेश तिवारी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, सुरेश कुमार तनवानी, महेश रघुवंशी उपस्थित रहे। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी बेटियां भी बेटों से कम नहीं हैं और समावेशी कप जैसे आयोजन बहुत ही सराहनीय पहल हैं। जो समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश हैं कि लड़कियां भी लड़कों के साथ खेल सकती हैं। क्रिकेट मैच के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने लगातार तीन चौके लगाने वाले खिलाड़ी को 300 नगद पुरस्कार इनाम दिया। वहीं सुरेश तनवानी ने एक ओवर में तीन छक्के लगाने वाले खिलाड़ी को 500 रूपए नकद देने की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि समावेशी कप 2026 का आयोजन सिनर्जी संस्थान हरदा द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट 8 जिलों की 184 मिक्स्ड-जेंडर टीमों और 2200 से अधिक खिलाड़ियों को एक साझा मंच पर लाने की ऐतिहासिक पहल है। जिला स्तर में चयनित टीमें नेहरू स्टेडियम, हरदा में होने वाले राज्य-स्तरीय मुकाबलों में हिस्सा लेंगी। समावेशी कप का मुख्य उद्देश्य खेल के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

इस टूर्नामेंट में लड़कियों को टीम की कप्तान बनाकर और लड़कों को सहायक भूमिका में रखकर यह संदेश दिया जा रहा है कि खेल के मैदान पर सभी का समान अधिकार है। यह पहल ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में युवाओं को कौशल विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, समाज में व्याप्त रूढ़ियों को तोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन केवल युवा खिलाड़ियों के लिए नहीं, बल्कि समुदाय, माता-पिता स्थानीय लोगों के लिए भी प्रेरणा है कि वे लैंगिक समानता का समर्थन करें।

# जाड़े से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे लोग



**गंजबासौदा।** इलाके भर में मौसम ने एक बार फिर से करवट ली है। हवा की रफ्तार बढ़ने के कारण तेज सर्दी का अहसास हो रहा है। धूप न निकलने से लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दे रहे हैं। रविवार को भी दिन भर कोहरे के साथ ठण्डी हवाएं चलती रहीं जिससे बचने के लिए लोग गर्म कपड़े, अलाव का सहारा लेते रहे। विगत तीन दिनों से इलाके भर में घना कोहरा छा रहा है। कोहरे के कारण जनजीवन दिन भर प्रभावित रहा। जिसके चलते यातायात और रेल सेवाएं खासी प्रभावित रहीं। ट्रेनें बिलंब से आईं और वाहन चालकों को भी सुबह के समय हेड लाइट जलाकर चलना पडा। तडके से घना कोहरा सुबह 10 बजे तक भी इलाके में छाया रहा और दिन भर कड़कड़ाती सर्दी रही। सुबह 10 बजे तक विजिबिलिटी इतनी कम थी कि वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। इससे सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो गई और आवाजाही में परेशानी हुई। इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी शनिवार तक इसी तरह तापमान में कमी रहने और कोहरा छाए रहने के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। अगले पांच दिनों तक रात के तापमान और दिन के तापमान में गिरावट आ सकती है।

## श्रमदान दल ने बड़ी मात्रा में नदी से निकाला कचरा

# रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान का 13 वां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच भी नदी स्वच्छता के प्रति समर्पित श्रमदान दल का उत्साह कम नहीं हुआ। रविवार को बेतवा नदी के रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत तेरहवें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सम्पन्न हुआ। सुबह-सुबह शीतलहर और सीमित दृश्यता के बावजूद श्रमदान दल के सदस्य तय समय पर घाट पहुँचे और जीवनदायिनी वेत्रवती के तटों व आसपास के क्षेत्रों में फैले कचरे की सफाई में जुट गए। स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान दल के सदस्यों के सामने जहाँ-तहाँ कटाए गए बालों का निस्तारण सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया। दल ने बताया कि मुंडन संस्कार के बाद बालों को घाट परिसर में ही छोड़ दिया जाता है, जिससे गंदगी फैलती है, दुर्गंध उत्पन्न होती है और अंततः ये अवशेष नदी में पहुँचकर जल प्रदूषण का कारण बनते हैं। इन दिनों यह समस्या अधिक गंभीर रूप ले चुकी है, जिससे स्वच्छता प्रयासों पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

श्रमदान दल का स्पष्ट मत है कि नदी जल स्वच्छता अभियान की राह में जागरूकता की कमी सबसे बड़ी बाधा है। दल के अनुसार, जब तक लोग यह नहीं समझेंगे कि उनके छोटे-छोटे कार्य नदी के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करते हैं, तब तक किसी भी अभियान का स्थायी प्रभाव संभव नहीं है। लोगों को समझना पड़ेगा कि एक ओर श्रमदान दल के सदस्य घना कोहरा, ठंड और प्रतिकूल मौसम के बाबजूद जहां लोग अपने निजी कार्यों के लिए भी घरों से निकलने से बच रहे है ऐसी परिस्थिति में भी श्रमदान दल के युवा साथी निरंतर नदी पर पहुंच रहे है जो कि यह सिद्ध कर दिया कि यदि उद्देश्य पवित्र हो, तो कोई भी परिस्थिति सामाजिक आंदोलन को रोक नहीं सकती।

अभियान के दौरान घाटों से घरेलू कचरा, पूजा सामग्री, प्लास्टिक-पॉलिथीन, कपड़े और अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से संग्रहित किया गया। श्रमदान दल ने आमजन से अनुरोध किया है कि मुंडन सामग्री, पूजा-पाठ के अवशेष और प्लास्टिक नदी या घाट पर न फेंके, घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें एवं नदी का संरक्षण करने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# रघुवंशी समाज का परिचय सम्मेलन आयोजित होगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रघुवंशी समाज द्वारा समाज सुधार और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की जा रही है। जिले में पहली बार आयोजित होने जा रहे युवक-युवती परिचय सम्मेलन में जिले की सभी तहसीलों से विवाह योग्य युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराया जाएगा। सम्मेलन की विशेषता यह रहेगी कि परिचय के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत समाज के वरिष्ठ अधिकारी एवं विशेषज्ञ, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे हुए युवाओं को अपने अनुभव साझा कर मार्गदर्शन देंगे। रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित होने जा रहा यह आयोजन समाज में आदर्श विवाह पद्धति और युवाओं के सुनियोजित भविष्य निर्माण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल के रूप में देखा जा रहा है। यह सम्मेलन 1 फरवरी रविवार को रघुवंशी समाज धर्मशाला बस स्टैंड के पास, विदिशा में आयोजित होगा।

सम्मेलन में जिले भर से 1000 स्वजातीय बंधुओं को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। परिचय सम्मेलन के लिए आवेदन फॉर्म जिले की सभी तहसीलों में वितरित किए जा चुके हैं। इच्छुक विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिवार 20 जनवरी तक निर्धारित केंद्रों पर फॉर्म जमा कर परिचय सम्मेलन में शामिल हो सकते हैं। ज्ञात हो कि विदिशा रघुवंशी समाज की जिला इकाई द्वारा आयोजित होने जा रहा यह परिचय सम्मेलन पहली बार जिले में आयोजित किया जा रहा है। रघुवंशी समाज के जिला अध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि यह आयोजन समाज में संस्कार आधारित विवाह व्यवस्था और युवा सशक्तिकरण की दिशा में एक दूरदर्शी पहल है। समाज के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और आदर्श विवाह व्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में रघुवंशी समाज विदिशा ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम उठाया है।

इस सम्मेलन में विदिशा जिले की सभी तहसीलों में निवासरत रघुवंशी समाज के युवक-युवतियों का मंच से परिचय कराया जाएगा। सभी आगंतुकों के लिए भोजन व्यवस्था आयोजन स्थल पर ही की गई है। 400 विवाह योग्य युवक-युवतियों का मंच से परिचय सुव्यवस्थित और मर्यादित परिचय मंच से कराया जाएगा। इसका उद्देश्य समाज में आदर्श, पारदर्शी और संस्कारयुक्त विवाह पद्धति को बढ़ावा देना है। इसी तरह कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला में 300 युवक-युवतियों को आमंत्रित किया गया है। जो प्रशासनिक या अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं।

पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित क्रिकेट लेदर बॉल टूर्नामेंट का समापन

# गुना की साईं क्लब ने जमाया विजेता ट्रॉफी पर कब्जा, जलगांव उप विजेता

**मैच ऑफ द सीरीज में गुना के सुजल वर्मा को मिली स्कूटी, विधायक उमाकांत शर्मा ने किया पुरस्कार वितरण**





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित प्रथम लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। इस अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री एवं पशुपालन मंत्री लखन पटेल विधायक उमाकांत शर्मा के साथ शामिल हुए। शाम करीब साढ़े 5 बजें बजे हुए मैच के समापन पर गुना की साईं क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बनाए 199 रन का पीछा कर जलगांव के जुनेद क्लब को 74 रन से हराते हुए मैच जीतकर विजेता ट्राफी पर कब्जा किया। गुना के साईं क्लब की धारदार गेंदबाजी के आंग़े जलगांव की तीन 15. 5 ओवर पर ही आल आउट हो गई।

### जलगांव महाराष्ट्र की जुनैद बनी क्लब उपविजेता

सांदीपनि स्कूल के मैदान पर आयोजित टूर्नामेंट मंच पर पहुंचकर मंचासीन अतिथियों ने भारत माता एवं पूर्व मंत्री स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान खेलप्रेमी दर्शकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कैलेंडर नववर्ष पर सबके सुख समृद्धि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार एवं खेल विभाग मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में सभी प्रकार के खेलो को बढ़ावा देंने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पहले बड़े शहरों से ही नामी खिलाड़ी निकलते थे लेकिन अब सरकार के प्रोत्साहन के बाद छोटे छोटे गांव शहरों के खिलाड़ी भी इंटरनेशनल खेलों में अपनी प्रतिभाओं का लोहा मनवा रहें हैं। हमारे क्षेत्र की क्रांति गौंड इसका प्रमुख उदाहरण हैं। इसके पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के लटेरी में संपूर्ण सुविधायुक्त खेल मैदान एवं सिरोंज के सांदीपनि स्कूल के मैदान के किनारे पुराने शनिचरा नाले पर भी स्टेडियनुमा सीढ़यिां बनवाने की मांग भी प्रभारी मंत्री से की जिस पर घोषणा करते हुए मंत्री लखन पटेल ने खेल मंत्रालय के माध्यम से चार करोड़ की लागत से बनने वाले इनडोर स्टेडियम के निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि जहां विधायक जी चाहेंगे वहां यह बनवा दिया जाएगा।

**बुजुर्ग व पुराने खिलाड़ियों का किया स्वागत** - फाइनल मैच की एक इनिंग होने के उपरांत दोपहर करीब ढाई बजे मंच पर पहुंचे प्रभारी मंत्री ने सबसे पहले हजारों की संख्या में मैच का लुफ्त लेने मैदान में बैठे दर्शकों का पुष्पवर्षा कर उत्साहवर्धन किया। इसके उपरांत फाइनल मैच खेल रही साईं क्रिकेट क्लब गुना एवं जुनैद क्रिकेट क्लब जलगांव महाराष्ट्र की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा सामूहिक राष्ट्रगान में भाग लिया। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रभारी मंत्री लखन पटेल का स्वागत किया। वही माधव ग्रुप के संरक्षक राहुल त्यागी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर प्रभारी मंत्री लखन पटेल एवं विधायक उमाकांत शर्मा का सम्मान किया गया। साथ ही समापन पर माधव ग्रुप द्वारा शहर के बुजुर्ग पूर्व खिलाड़ियों का भी सम्मान विधायक उमाकांत शर्मा द्वारा किया गया।

**बेहतर प्रदर्शन के लिए गुना के सुजल वर्मा ने मेन ऑफ द सीरीज में पाई स्कूटी** - रविवार को हुए सांदीपनि स्कूल के मैदान पर हुए लेदर बॉल क्रिकेट के समापन पर साईं एकेडमी के खिलाड़ी सुजल वर्मा ने अनेक पुरस्कार जीते। वही विधायक उमाकांत शर्मा ने टूर्नामेंट के पूरे मैचों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए साईं एकेडमी गुना के सुजल वर्मा को स्कूटी की चाबी सौंपी। यह पुरस्कार जनभागीदारी अध्यक्ष की ओर से प्रदान किया गया। इसके अलावा सुजल वर्मा को बेहतरीन खेल प्रदर्शन के लिए फाइनल के में ऑफ द मैच के लिए सैमसंग का मोबाइल प्रदान किया गया। फायनल मैच में उन्होंने 3 ओवर में 13 रन देकर 5 विकेट चटकाए जो टीम की जीत का आधार बना। मैच ऑफ द सेमीफाइनल भी सुजल वर्मा को दिया गया। सुजल ने पूरी सीरीज में 4 इनिंग में कुल 8 विकेट लिए। दूसरे सेमीफाइनल का पुरस्कार जलगांव के रजत सुगंधी को दिया गया। बेस्ट बेस्टमैन का पुरस्कार जलगांव के दीपू को दिया गया। इनके 4 इनिंग में 149 रन बनाए। बेस्ट बोलर का पुरस्कार गुना के दीनू कुशवाह को दिया गया इन्होंने 4 इनिंग में 9 विकेट लिए। फाइनल मुकाबले में विधायक उमाकांत शर्मा ने दोनों टीमों को छक्के लगने पर छह सौ रु पर सिक्स की घोषणा की थी। जिस पर फाइनल उपरांत गुना के टीम द्वारा लगाए गए 13 छक्कों के लिए 7800 रु नगद राशि प्रदान की। वहीं मैच में जलगांव द्वारा 8 छक्के लगाए, गए उन्हें 4800 रु का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर की चालानी कार्रवाई



**सिरोंज।** पुलिस प्रशासन अब यातायात व्यवस्थाओं को लेकर सख्त होता नजर आ रहा है। यातायात व्यवस्था में सुधार लाने सड़कों के अलावा बेतरतीब खड़े वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। नगर चौक चौराहो पर चल रही यातायात पुलिस की कारवाई से वाहन चालको में हड़कंप मची हुई है। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश के पालन एंव एसडीओपी सुश्री सोनू डाबर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश वाघेला द्वारा अपनी टीम के साथ यातायात जागरूकता अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालको पर कार्यवाही की जा रही है। तो वही यातायात पुलिस द्वारा नगर के नया बस स्टेण्ड पर नियमों का उल्लघन करने वाले वाहन चालको के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 8 वाहनो पर चालानी कार्यवाही की। साथ ही वाहन चालको को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत दी गई कि सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी यातायात नियमों का पालन कर स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा का ध्यान रखें।

## मंडल तरवरिया में हिंदू सम्मेलन आयोजित



**सिरोंज।** देवपुर खंड के मंडल तरवरिया में हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ। सकल हिंदू समाज द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि श्री श्री 108 महंत श्री पुरुषोत्तम दास जी महाराज आमझिर वाले उपस्थित रहे। वही मुख्य वक्ता जिला व्यवस्था प्रमुख प्रमोद सिंह चौहान ने बताया कि संघ अपना शताब्दी वर्ष मनारहा है जिसमे पंच परिवर्तन जैसे सामाजिक समरसता, नागरिक शिष्टाचार,कुटुम्ब प्रवोधन , स्वदेशी का भाव और पर्यावरण संरक्षण का आव्हान करता है। श्री चौहान ने कहा कि संगठित समाज ही शक्तिशाली भारत का निर्माण कर सकता है। जाति भाषा, क्षेत्र के नाम पर बटा हुआ समाज कभी भी अपने देश धर्म और संस्कृति की रक्षा नहीं कर सकता।

देश और विदेश की ताकते योजना बना कर हिंदू समाज को तोड़ने में लगी हुई है। चाहे वह लव जिहाद हो या लैंड जिहाद या धर्मांतरण हो विभिन्न माध्यमों से हिंदू समाज को कमजोर करने में लगे हुए हैं। इस मौके पर हिंदु सम्मेलन में बड़ी संख्या में मातृशक्ति के साथ समाज जन एकत्रित हुए और सभी को प्रसादी वितरण एवं कान्यभोज का आयोजन किया गया।

## विधायक निवास पर बजाया घंटा ‘भाजपा सरकार में पानी बना जहर, दवा से मौत’

**सिरोंज।** इंदौर में दूषित पानी से हुई जनहानि पर भाजपा कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध रविवार को सिरोंज में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर नगर के कोर्ट गेट से दर्जनो कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपने हाथो में घंटी बजाते हुए विधायक निवास के ओर पहुंचे लेकिन प्रशासन व पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं को विधायक निवास से पहले ही बैरीकेंटिग कर रूक दिया। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार समस्त ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा के निवास पर पहुंचकर घंटा बजाकर प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और भाजपा नेताओं की असंवेदनशील बयानबाजी की कड़ी निंदा की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि दूषित पानी से लोगों की जान जाना बेहद गंभीर मामला है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं का गैर-जिम्मेदाराना रवैया अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। इस विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश यादव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष सैफू गद्दी,किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता लक्ष्मण सिंह राजपूत,देवपुर ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन राजपूत,वरिष्ठ कांग्रेस नेता क़ैसर खान,गगनेन्द्र रघुवंशी,विनोद सेन,अनिरुद्ध यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे। वही कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि पीड़ितों को न्याय नहीं मिला और जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश महामंत्री व किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि मध्य प्रदेश में आज हालात यह हो गए हैं की सर्दी खांसी की दवाई से बच्चों की मौत हो रही है और पीने के पानी से इंदौर में 16 नागरिकों ने अपनी जान गवा दी। पहले लोग जहर से मरते थे परंतु मोहन यादव की भाजपा सरकार में नागरिक और बच्चे दवाई और पानी से मर रहे हैं।

## विधायक निवास पहुंचने से पहले पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रोका



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के निर्देश अनुसार कुरवाई ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में घंटा बजाओ प्रदर्शन किया गया ।

इंदौर में सरकार की गलती से हुई 15 मौतों पर पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल पर नगरीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का उनको फोकट और घंटा कहने पर कुरवाई कांग्रेस द्वारा बीना तिराहें से पैदल नारेबाजी करते हुए भाजपा विधायक हरि सिंह सप्रे के निवास से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक लिया।

प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की उनके इस्तीफे की मांग की। कुरवाई कांग्रेस के घंटा बजाओ प्रदर्शन में शामिल हुए एससी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार , कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव सुभाष बोहत, जिला पंचायत सदस्य सीमा अहिरवार , जिला पंचायत सदस्य विनीता शहरिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष इरफान काजी , ब्लॉक अध्यक्ष उमेश रानू तिवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जफर शेख, पठारी ब्लॉक अध्यक्ष रघु ठाकुर , मेहलुआ ब्लॉक अध्यक्ष रणधीर सिंह दांगी , बमोरी साला ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा ,पार्षद अन्नू कासिफ, पार्षद लालू पेंटर,कमलेश सप्रे सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

## हिंदू सम्मेलन में संगठित करने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद




ग्यारसपुर तहसील के धामनोद मंडल अंतर्गत वावना के घाट पर स्थित प्रसिद्ध खरैरा धाम में मंडल स्तरीय सकल हिंदू सम्मेलन भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में आसपास के 10 से 12 गांवों के सैकड़ों नागरिकों की सहभागिता रही, जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय और राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत-प्रोत नजर आया।

कार्यक्रम से पूर्व महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य रैली निकाली। इसके पश्चात कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की विधिवत पूजा-अर्चना कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में खरैरा धाम के पूज्य संत महंत रामदास त्यागी महाराज, मोहन दास जी महाराज एवं कस्बा बागरोद के पूज्य संत रामदास महाराज की विशेष उपस्थिति रही। संत-महात्माओं ने अपने प्रवचनों में नर सेवा ही नारायण सेवा का संदेश देते हुए कहा कि सनातन धर्म में सभी वर्ण और समाज के लोग समान हैं। व्यक्ति की पहचान उसकी जाति से नहीं, बल्कि उसके कर्म से होती है। उन्होंने समाज को संगठित कर परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत सुंदर भजनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। वहीं, विश्व हिंदू परिषद के सह प्रांत मंत्री ने अपने उद्बोधन में हिंदू समाज के कर्तव्यों, देशभक्ति और वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सम्मेलन में मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर, अनिल शर्मा, दीपक रघुवंशी, बाबूलाल कुशवाह, सरपंच गोकुल बंसल, निरंजन कुशवाहा, कन्हैया लाल लोधी, कमलेश लोधी, गोविंद दास बैरागी, बलराम कुशवाह, रणवीर यादव, कृष्णकांत यादव, भगवान दास साहू करन कुशवाह, करन सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या में हिंदू समाज के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नल लगे तो सड़कें खोद डाली लेकिन पानी गायब

**जल जीवन मिशन में लाखों खर्च, शमशाबाद के 2 गांव खताखेड़ी और लवाखेड़ी 3 साल से प्यासे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

हर घर नल, हर घर जल का दावा करने वाला जल जीवन मिशन शमशाबाद क्षेत्र में पूरी तरह दम तोड़ता नजर आ रहा है। नटेरन जनपद की ग्राम पंचायत जमनयाई के ग्राम खताखेड़ी और लवाखेड़ी में तीन वर्ष पूर्व सगड़ बांध परियोजना से जोड़ने के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर दिए गए, लेकिन आज तक ग्रामीणों के नलों में एक बूंद पानी नहीं आया।योजना के तहत गांवों की सड़कों को खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई और घर-घर नल कनेक्शन भी कर दिए गए, लेकिन तीन साल बाद भी योजना सिर्फ कागजों में ही चल रही है। हालत यह है कि न तो पानी मिला और न ही खोदी गई सड़कों की मरम्मत कराई गई, जिससे वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण रामकृष्ण सेन, पप्पू धाकड़, रमेश धाकड़, रामदयाल धाकड़, सोनू धाकड़ और राकेश धाकड़ ने बताया कि वे तीन वर्षों से पेयजल के लिए परेशान हैं। मजबूरी में दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है, जबकि सरकारी रिकॉर्ड में गांवों को जल जीवन मिशन से लाभान्वित दिखाया जा रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों और ठेकेदारों की लापरवाही के चलते यह योजना दम तोड़ चुकी है।

इस संबंध में रवीना धाकड़ अधिकारी जल मिशन ने बताया कि सगड़ बांध से पानी सप्लाई नहीं हो पा रही थी इसलिए इन गांवों को संजय सागर बांध परियोजना से जोड़ा गया है। जल्द ही ग्रामीणों को पानी मिलने लगा है।

## सभी विधानसभा क्षेत्र में बनेगा स्टेडियम: प्रभारी मंत्री




हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में जिले के प्रभारी मंत्री एवं पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री लखन पटेल शामिल हुए। इस अवसर पर खेलप्रेमियों एवं खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने प्रभारी मंत्री लखन पटेल का अभिनंदन किया तथा खेल मैदान स्थित सांदीपनि स्कूल में आयोजित फाइनल मुकाबले की दोनों टीमों के खिलाड़ियों से सौजन्यात्मक परिचय प्राप्त कर उन्हें श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने खेल मंत्री द्वारा की गई घोषणा का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश की हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अभ्यास एवं प्रतियोगिताओं के लिए पर्याप्त अवसर एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता भी विकसित करते हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के युवा समान रूप से खेल सुविधाओं का लाभ उठाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करें।

प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में राज्य सरकार एवं खेल विभाग प्रदेश में सभी प्रकार के खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले नामी खिलाड़ी बड़े शहरों से ही निकलते थे, लेकिन अब सरकारी प्रोत्साहन के कारण छोटे गांवों और कस्बों के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी क्रांति गौंड का उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

## शमशाबाद में कांग्रेस का प्रदर्शन, विधायक के निवास के सामने घंटा बजाकर जताया आक्रोश




हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

इंदौर में नगर निगम एवं भाजपा सरकार की कथित घोर लापरवाही के कारण 15 निर्दोष नागरिकों की दर्दनाक मौतों और एक पत्रकार के साथ अभद्रता करने वाले मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शमशाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा के निज निवास के समक्ष घंटा बजाकर उन्हें जगाने का प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी ब्लॉक अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता, कार्यक्रम प्रभारी एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवारजन शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन की लापरवाही के कारण निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, जो अत्यंत निंदनीय है। कांग्रेस नेताओं ने मृतकों के परिजनों को न्याय, दोषियों पर सख्त कार्रवाई और संबंधित मंत्री के तत्काल इस्तीफे की मांग की। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेन्द्र वर्मा का निधन

**रायसेन।** शहर के अर्जुन नगर वार्ड 15 निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता और लोधी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र वर्मा का भोपाल एम्स हॉस्पिटल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे उज्जैन के पास एक कार सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यह हादसा 29 दिसंबर रात को हुआ। जब भूपेन्द्र वर्मा अपने साथियों के साथ रायसेन से राजस्थान के सीकर जा रहे थे। दुर्घटना में भूपेन्द्र वर्मा के सिर में और पसलियों में गंभीर चोटें आई थी। जिनका उपचार भोपाल के एम्स में चल रहा था। रविवार सुबह लगभग 5 बजे उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से शहर में शोक की लहर है।



### गाली गलौच को लेकर लोधी समाज हुई लामबंद



**गैरतगंज।** गोपालपुर निवासी सौरभ अहिरवार पुत्र कमोद सिंह अहिरवार द्वारा लोधी समाज के विद्युत कर्मी को सामाजिक रूप से अभद्र गालियां दी, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आक्रोशित लोधी समाज के सैकड़ों लोगों ने पुलिस थाना गैरतगंज में थाना प्रभारी गैरतगंज को आवेदन देते हुए आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की, कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी, लोधी महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष भैरव लोधी, कपिल लोधी, रुचि लोधी, शिवकुमार लोधी, राकेश लोधी, खुमान लोधी, निरपत सिंह लोधी सहित सैकड़ों के संख्या में उपस्थित रहे।




# 7.4 डिग्री पर आया तापमान, शीतलहर से थरथर कांपा शहर, तीन दिन रहेगा कोल्ड-वेव का असर

**नववर्ष के आगमन से ही कड़ाके की ठंड का जोरदार असर, कोहरे से ढका शहर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

हर बार की तरह इस बार भी नववर्ष अपने साथ शीतलहर और कड़ाके की ठंड लेकर आई। रविवार को अब तक की रिकॉर्ड तोड़ ठंड ने लोगों को थर-थर कंपा दिया। कोहरे ने पूरे शहर को अपने आगोश में इस कदर डुबा दिया था कि दृश्यता सिर्फ 25 मीटर ही रह गई थी। वहीं न्यूनतम तापमान भी अपने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 7.4 डिग्री तक लुढ़क गया। वहीं अधिकतम तापमान 21 डिग्री पर बना रहा

जिले के साथ प्रदेशभर में शीतलहर का असर तेज रहा, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित नजर आया। सुबह और रात के समय ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया, वहीं घना कोहरा भी परेशानी का कारण बना। ठंड से बचने के लिए लोग अलाव और हीटर का सहारा लेते दिखाई दिए। सुबह के समय सड़कों पर आवाजाही कम रही, वहीं कई स्थानों पर कोहरे के कारण वाहन चालकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

#### ठंड बढ़ने की जताई संभावना

मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर के मुताबिक मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई है। जिला प्रशासन की ओर से लोगों से सतर्क रहने, गर्म कपड़े पहनने और अनावश्यक रूप से सुबह-शाम बाहर न निकलने की अपील की गई है। कुल मिलाकर, नए साल 2026 का आगाज ठिठुरन भरे मौसम कोहरे के साथ हुआ, मौसम में ऑरेंज अलर्ट जल्द ही आने वाला है। वहीं अभी शहर में तीन दिन तक कोल्ड वेव का असर दिखाई देगा

**7.4** न्यूनतम तापमान

**21.2** अधिकतम तपमान

**10** किमी हवा की रफ्तार प्रति घंटा



#### बर्फबारी का दिख रहा असर

दक्षिणी और पूर्वी हवाएं चल रही हैं। पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बर्फबारी का असर प्रदेश के साथ जिले में साफ दिखाई दे रहा है। दिन में आसमान पर भूरे रंग के बादल छाने और कोहरे के चलते दिन में सूरज की लुका छुपी बनी हुई है।

#### बीते 7 दिन का मौसम


| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 28 दिसंबर | 25 .8 डिग्री | 5 .6 डिग्री |
| 29 दिसंबर | 26 .2 डिग्री | 6 .4 डिग्री |
| 30 दिसंबर | 27 .0 डिग्री | 6 .5 डिग्री |
| 31 दिसंबर | 29 .0 डिग्री | 7 .5 डिग्री |
| 1 जनवरी | 27 .2 डिग्री | 9 .4 डिग्री |
| 2 जनवरी | 26 .6 डिग्री | 11 .2 डिग्री |
| 3 जनवरी | 21.0 डिग्री | 12 .2 डिग्री |

#### पाले से ऐसे बचाए फसल

◆ कृषि विज्ञान केंद्र नकतरा के वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ स्वप्निल दुबे के मुताबिक रबी सीजन की फसलों को पाले से बचाने के लिए खेतों की मेढ़ पर धुंआ से गर्मी दी जा सकती है। पौधों को कवर किया जा सकता है। टटिया बांधकर उत्तर पश्चिम दिशा में शीशम, शहतूत आदि जैसे वायु रोधी पौधे लगाकर बचाव किया जा सकता है। सिंचाई करके फलदार पेड़ों के तनो पर चूने की कोटिंग करके जमीन पर पुआल भूसा बिछाकर और पौधों में खनिज तत्त्वों की पूर्ति करके भी पाले व तुषार से फसलों को बचा सकते हैं।

फसलों पर पाले का असर तापमान के अनुसार अलग-अलग होता है। जैसे श1 डिग्री तापमान पर ककड़ी कद्दू और खरबूजा, हरि मिर्च कैला टमाटर की फसलें प्रभावित होती है। एक से 2 डिग्री तापमान पर आलू, पालक, मूली, सेम, मटर फूलगोभी की फसले प्रभावित होती है। 2 से 4 डिग्री तापमान पर चुकंदर, शलजम की फसलें प्रभावित होती हैं।

**ठंड ऐसी कि कंबल का ले रहे सहारा**



**पूरे इंतजाम से निकले वाहन चालक**





**ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार का कहर**

## हाइवे-18 पर बस और मैजिक की भिड़ंत, चालक हुआ घायल

**भोपाल विदिशा सड़क संकरी होने से आए दिन हो रहे हैं हादसे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित सलामतपुर रेलवे ओवरब्रिज पर शनिवार रात करीब 9 बजे यात्री बस और लोडिंग मैजिक ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में मैजिक ऑटो चालक अयाज गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को तत्काल सांची सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटना से यातायात प्रभावित रहा, जिसे पुलिस ने सुचारु कराया।

## हिन्दू सम्मेलन में हुआ सामूहिक समरसता भोज, राज्यमंत्री पटेल ने परोसा भोजन

**हिन्दू सम्मेलन में छात्र-छात्राओं, समाज के लोगों ने दिया एकता का संदेश**

**भारत माता, श्रीराम दरबार, भगवान शंकर, शहीदों एवं डॉ अंबेडकर की सजाई झांकियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



थाना मैदान में हुए हिन्दू सम्मेलन के बाद सार्वजनिक समरसता भोज हुआ, जिसमें क्षेत्र के विधायक एवं राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सामूहिक भोज में भोजन परोसा और हिंदू समाज के लोगों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण कर सामाजिक समरसता का परिचय दिया।

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर, डैफोडिल स्कूल के साथ अन्य स्कूलों के विद्यार्थियों ने भारत माता, श्रीराम दरबार, शंकर जी तथा देश के वीर शहीदों, डॉ भीमराव अंबेडकर सहित राष्ट्रीय महापुरुषों की झांकी को सजाया गया। इस हिन्दू सम्मेलन में विभिन्न जाति, संगठनों के लोग उत्साह पूर्वक शामिल हुए।

हिन्दू सम्मेलन में नगर के अधिकांश व्यापारी अपनी दुकान प्रतिष्ठानों को बंद रखकर एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हजारों ग्रामीण जिन में सभी समाज वर्ग के लोगों की भारी उपस्थिति रही।

हिन्दू सम्मेलन के समापन के बाद कार्यक्रम स्थल पर ही जमीन पर बैठकर भारतीय परंपरा अनुसार हजारों नागरिकों महिलाओं का सामूहिक समरसता भोज हुआ। हजारों लोगों का बिना भेदभाव एक साथ भोजन करने का दृश्य अनूठा समरसता का संदेश देने वाला हिन्दू एकता का बड़ा भोज कार्यक्रम अनूठा बना रहा।

**मुखबिर की सूचना पर की कार्रवाई**

## वन कर्मियों ने कार एवं अवैध सागौन की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

वनकर्मियों ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए रात्रि में अवैध रुप से कार से सागौन की लकड़ी का परिवहन कर रहे वन माफियाओं को घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया लेकिन वह वनकर्मियों को चकमा देकर कार छोड़ कर भागने में सफल हो गए।

डीएफओ प्रतिभा शुक्ला के मार्गदर्शन एवं एसडीओ फॉरेस्ट सिलवानी इंदर सिंह बारे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी महेंद्र कुमार पालेचा मुखबिर ने मुखविर कि सूचना पर कार्रवाही करते हुए वन कर्मियों के साथ खैरी बटेर मार्ग पर नाका बंदी की। रात्रि करीब साढ़े 11 बजे एक कार आते हुए दिखी जिसे रुकने का इशारा किए जाने पर वाहन चालक के द्वारा कार की गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया गया। वन अमले के द्वारा कार का पीछा किए जाने पर वाहन चालक वाहन को खड़ा कर भागने में सफल रहा। मौके पर कार नंबर एमपी 04 सीसी 5571 की तलाशी ली, जिसमें 4 नग सागौन के भरे पाए गए, जिसे जब्त किया गया।



वन कर्मी कार व लकड़ी को रेंज परिसर सिलवानी लेकर आए। जब्त लकड़ी की कीमत करीब 13 हजार रुपए आंकी गई। अज्ञात वन अपराधियों पर प्रकरण दर्ज किया जाकर तलाश की जा रही हैं। इस कार्रवाही में गोवर्धन जाटव, अखिलेश रजक, मदन मोहन शुक्ला, हरनारायण सिंह आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

### बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो घायल, एक रेफर



**रायसेन।** थाना बेगमगंज के तहत रविवार की शाम करीब 5 बजे दो बाइक आमने-सामने से टकरा गईं। जिससे दोनों के चालक गंभीर घायल हो गए। एक घायल को जिला चिकित्सालय रेफर किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सकरदा निवासी गब्बर यादव पुत्र प्रकाश ग्राम नएनगर से थावर में शामिल होकर वापस हो रहे थे, तभी नएनगर और भोजपुर जा रहे रामकृष्ण पुत्र मनमोहन सिंह की बाइक से आमने-सामने टक्कर होने से दोनों घायल हो गए। बाइक पर सवार दो अन्य लोगों को चोट नहीं आई। सूचना पर डायल 112 पुलिस घायलों को लेकर अस्पताल पहुंची। जहां गब्बर यादव को भर्ती कर लिया है, वहीं रामकृष्ण को रेफर किया है।

**थाना मैदान में हुआ विराट हिन्दू सम्मेलन, सकल हिन्दू समाज की रही उपस्थिति**

## हमारी लड़ाई मुस्लिम–ईसाइयों के खिलाफ नहीं, वरन हमारी लड़ाई हिंदुओं की दुर्दशा से है: हेमंत सेठिया

**हिन्दू सम्मेलन में पांच परिवर्तनों की विस्तार से की गई व्याख्या, हाथ उठाकर दिलाया गया संकल्प**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

रविवार को नगर के थाना मैदान में विशाल सकल हिन्दू सम्मेलन का भव्यता पूर्ण आयोजन किया गया। सम्मेलन में सकल हिन्दू समाज की उपस्थिति। हिन्दू सम्मेलन से पूरे नगर का माहौल भगवामय हिंदुत्व की शक्ति और वक्ताओं द्वारा दिए उद्बोधन से सनातनी बना नजर आया।

मुख्य वक्ता संघ प्रांतीय कार्यवाह हेमंत सेठिया ने विस्तार से ऊंच-नीच विदेशी आक्रांताओं के हमले धर्मांतरण और अंग्रेजों की गुलामी वाली मानसिकता का वर्णन करते हुए कहा कि हिन्दू विशाल हृदय वाला है और संपूर्ण विश्व को कुटुंब और सभी में ईश्वर देखता मानता आया है।

कहा कि हम हिन्दू स्वार्थ के वशीभूत होकर अपने स्वाभिमान को भूल गए और सदियों से दुर्दशा मानसिक गुलामी का शिकार बने हुए हैं। सेठिया ने कहा कि हम मुसलमानों, ईसाइयों के विरोधी नहीं वरन हमारी लड़ाई हिंदुओं की दुर्दशा से है इसीलिए हिंदुओं का संगठित होना जरूरी है।






#### पांच परिवर्तन का उद्देश्य

हिन्दू सम्मेलन में उपस्थित साधू-संतों का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। बापौली धाम से आए मुक्तानंद महाराज ने हिंदू एकता की विस्तार से चर्चा की। वहीं मुख्य वक्ता हेमंत सेठिया संघ के प्रांत कार्यवाह ने संघ के उद्देश्य हिंदुओं के संगठन शक्ति की चर्चा करते हुए पांच परिवर्तन समाज के लिए काम करने के बारे में बताया।

जिसमें परिवार कुटुंब समाज में समरसता ऊंच नीच का भेदभाव मिटाने पर्यावरण संरक्षण नागरिक कर्तव्य और दायित्वों का निर्माण स्वय जागरण की विस्तार से उदाहरण और कविताओं के साथ व्याख्या की ऊंच नीच मिटाने कोई भी सामान खरीदने घर से झोला ले जाने स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का हाथों को उठाकर संकल्प दिलाया गया।

#### भारत माता की हुई आरती

हिन्दू सम्मेलन के समापन पर उपस्थित हजारों नर नारियों द्वारा भारत माता की भक्ति भाव से संगीत में आरती के द्वारा राष्ट्रीयता की लहर हिंदुत्व की शक्ति का परिचय दिया। सभी का हिन्दू सम्मेलन समिति के अध्यक्ष केशव राठी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

#### तिलक-चोटी हिन्दू की पहचानः प्रज्ञा भारती

देश की ख्याति प्राप्त कथा व्यास डॉ. प्रज्ञा भारती ने विस्तार से परिवार की शक्ति और एकता से होने वाली उन्नति की चर्चा की, कहा कि भक्ति में लीन भारत है। हिंदुओं की तिलक और चोटी से पहचान है। उपस्थित लोगों को तिलक और चोटी का संकल्प एवं बालकों को राम भरत के समान प्रेम, त्याग की शिक्षा संस्कार देने का आग्रह किया। मातृशक्ति से मां सीता, दुर्गा एवं झांसी की रानी के रूप में बालिकाओं को शिक्षा संस्कार देने की बात कही। मंच पर क्षेत्र के साधु संतों बड़े भैया समनापुर वाले, गिरीश दास महाराज, पं. चंद्रकांत शास्त्री, फलहारी बाबा, त्यागी महाराज की उपस्थिति रही।

**मां नर्मदा तट पर मनाया जन्मदिन**

## जन्मदिन पर रामपाल सिंह ने किया नर्मदेश्वर का जलाभिषेक




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह का जन्मदिन मां नर्मदा के पावन बौरास तट पर उल्लास के साथ मनाया। यह आयोजन मात्र जन्मदिन समारोह न होकर धर्म, संस्कृति और जनसेवा का अनुपम संगम बनकर सामने आया। पूर्व मंत्री ने संत-महात्माओं एवं धर्माचार्यों की उपस्थिति में नर्मदेश्वर महादेव का विधिवत नर्मदा जल से अभिषेक किया। इसके पश्चात उन्होंने गौ माता की पूजा कर भारतीय संस्कृति में निहित करुणा, पर्यावरण संरक्षण एवं सनातन मूल्यों के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

कार्यक्रम के दौरान ब्राह्मण भोज, कन्या पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं, क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। जन्मदिन की शुभकामनाएं देने अनेक वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता मौजूद रहे।